बेंगलुरु में सैलाब, गलियों में उतरीं नावें

All Photos PTI

■ पीटीआई/आईएएनएस, बेंगलुरु

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु बाढ़ में फिर डूबी। रविवार रातभर मूसलाधार बारिश के कारण सोमवार को कई इलाकों में पानी भर गया। गलियों में सैलाब बहा। लोग इमारतों में फंसे रह गए। उन्हें बाहर निकालने के लिए नावों को सड़क पर तैराना पड़ा। शहर में झील, तालाब और नाले उफना रहे हैं और उनसे पानी निचले इलाकों में भर गया है। सुबह स्कूल और दफ्तर जाने वालों को नौकाओं, जेसीबी और ट्रैक्टरों का सहारा लेना पड़ा। महादेवपुरा और बोम्मनहल्ली में बचाव दल तैनात किया गया।

सबसे प्रभावित इलाकों में इलेक्ट्रॉनिक्स आईटी हब रहे। कंपनियों ने वर्क फ्रॉम होम को कहा है। इन इलाकों में दो दिन तक पीने का पानी नहीं आएगा। बेंगलुरु में 10 दिनों से भी ज्यादा समय से भारी बारिश हो रही है। हफ्ते में दूसरी बार ऐसी स्थिति बनी है। मौसम विभाग ने बारिश का यलो अलर्ट जारी करते हुए 7 सितंबर तक ऐसा ही दौर रहने का अनुमान जताया है।



1. बेंगलुरु के रेनबो ड्राइव इलाके में इतना पानी भरा कि कार डूब गई। 2. पालतू जानवरों को भी बचाया गया। 3. आउटर रिंग रोड में जलभराव से लंबा जाम लगा।

nwda.gov.in